कृपया प्रकाशनार्थ **12 फरवरी 2014**

पिछले वर्ष का गलत लेखा-जोखा देकर निराश करनेवाला रेल बजट:राम नाईक

मुंबई, बुधवार : ''लेखानुदान रेल बजट से ज्यादा अपेक्षा नहीं थी, मगर उसे पेश करते समय रेल मंत्री ने पिछले वर्ष की गतिविधियों का गूमराह करनेवाला लेखाजोखा देकर देशवासियों को निराश किया है'', ऐसी प्रतिक्रिया पूर्व रेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री. राम नाईक ने आज जारी प्रेस विज्ञप्तीद्वारा दी है.

पिछले पाँच वर्षों में डा. मनमोहन सिंह की सरकार में छः रेल मंत्री हुए. इस अस्थिरता की छबि आज रेल मंत्री श्री. मल्लिकार्जुन खाडगे ने पेश किए बजट में पिछले वर्ष के ब्यौरे में साफ दिख रही थी ऐसी राय देकर श्री. राम नाईक ने कहा, ''कांग्रेस सरकार ने हमेशा उपनगरी रेल यात्रियों की उपेक्षा की है. इस बजट भाषण में तो 76 लाख यात्रियों की हर दिन आवाजाही करनेवाली मुंबई उपनगरी रेल सेवा का जिक्र भी नही किया है. पिछले वर्ष की गतिविधियों का ब्यौरा देते हुए घोषणा के अनुसार मुंबई में एसी लोकल क्यों शुरु नही हुओ? साल में 50 के बजाय सिर्फ दो ही एस्केलेटर्स क्यों शुरु हुए? निजी तथा सरकारी सहयोग से शुरु होने वाले उन्नत रेल मार्ग (elevated railway) प्रकल्प का क्या हाल है, आदी अनेक महत्त्वपूर्ण मामलों पर रेल मंत्री ने कुछ भी टिपणी न करने से मुंबई के रेल यात्री गुस्से में हैं.

आनेवाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को परास्त कर मुंबई के रेल यात्री अपना गुस्सा दिखाएंगे, ऐसा विश्वास भी श्री. राम नाईक ने व्यक्त किया.

(कार्यालय मंत्री)